I.P.S. 2012

A-MDF-M-E

## Paper V

# GENERAL STUDIES

*Time Allowed : Three Hours* | Maximum Marks : 200

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt* ***all*** *questions strictly in accordance with the instructions given under each question.*

*The number of marks carried by each question is indicated against each.*

*An outline map of India is attached to this question paper for answering Question No. 1. The map is to be detached carefully from the question paper and fastened securely to your answer book(s).*

*A graph sheet will be provided on demand in the examination hall.*

***Important note*** *: All parts of a question being attempted are to be answered contiguously. That is, all parts of the question being attempted must be completed before attempting the next question. Pages left blank in the answer book must be clearly struck out. Answers following blank pages may not be given credit.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. On the map of India supplied to you, locate the following places/features. On your answer book, write a short note (in about 20 words each) on the significance of each of these places/features. *2×10=20*

*(**Note :** 1 mark is allotted to identifying and marking each place/feature on the map, and 1 mark to the descriptive note on each. Remember to fasten the map securely to your answer-book and do not write your Roll number on the map sheet.)*

(a) Karakoram Ranges

(b) Gadchiroli

(c) Tawang

(d) Malkangiri

(e) Little Andaman

(f) Jaitapur

(g) Gulf of Mannar

(h) Sriharikota

(i) Chambal Ravines

(j) Diu

1. आपको दिए गए भारत के मानचित्र पर, निम्नलिखित स्थानों/स्थलाकृतियों को चिह्नित कीजिए । अपनी उत्तर-पुस्तिका में, इन स्थानों/स्थलाकृतियों में से प्रत्येक के महत्त्व पर एक संक्षिप्त टिप्पणी (प्रत्येक टिप्पणी लगभग 20 शब्दों में) भी लिखिए । *2×10=20*

*(**नोट :** मानचित्र पर प्रत्येक स्थान/स्थलाकृति की पहचान करने और उसको चिह्नित करने पर 1 अंक दिया जाएगा और प्रत्येक वर्णनात्मक टिप्पणी पर भी 1 अंक दिया जाएगा । मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ मज़बूती से नत्थी करने को न भूलिए और मानचित्र पर अपना रोल नंबर कतई न लिखिए ।)*

(क) कराकोरम पर्वत-श्रेणी

(ख) गडचिरोली

(ग) तवांग

(घ) मल्कानगिरि

(ङ) लघु अंडमान

(च) जैतापुर

(छ) मन्नार की खाड़ी

(ज) श्रीहरिकोटा

(झ) चंबल खड्डभूमि

(ञ) दीव

2. Answer each of the following in about 250 words : *15×4=60*

(a) 'India's geography is both its strength and its weakness when it comes to defence strategy.' Comment.

**OR**

Discuss the impact of climate change on water security in India.

(b) The Constitution of India is one of the most elaborately written documents in the world. Yet, it has had more than a hundred amendments so far. How do you explain this ?

**OR**

Evaluate the strengths and the weaknesses of India's democratic system of government.

(c) What are the key elements of an immediate response in the management of mass casualties ? Explain the principles of "triage" and outline its generally accepted classification system, in this context.

**OR**

India stands committed to the global initiative of 'Vision 2020 : The Right to Sight'. In this context, what are the strategies at the community level to minimize preventable blindness and to improve eye care ?

2. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए : *15×4=60*

(क) 'रक्षा रणनीति की दृष्टि से भारत का भूगोल भारत की ताक़त भी है और उसकी कमज़ोरी भी ।' टिप्पणी कीजिए ।

**अथवा**

भारत में जल सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर चर्चा कीजिए ।

(ख) भारत का संविधान विश्व में सबसे ज़्यादा विस्तारपूर्वक लिखित दस्तावेज़ों में से एक है । इतना होने पर भी अभी तक इसके एक सौ से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं । आप इस बात को किस प्रकार स्पष्ट करेंगे ?

**अथवा**

भारत की सरकार की लोकतांत्रिक प्रणाली की मज़बूतियों और कमज़ोरियों का मूल्यांकन कीजिए ।

(ग) बहुमात्रा हताहतों के प्रबंधन में, तुरन्त अनुक्रिया के कुंजी तत्त्व क्या-क्या हैं ? इस संदर्भ में "ट्राइएज" के सिद्धांतों को स्पष्ट कीजिए और उसकी सामान्यतः स्वीकृत वर्गीकरण प्रणाली की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

**अथवा**

भारत 'दृष्टि 2020 : देखने का अधिकार' की वैश्विक पहल के प्रति प्रतिबद्ध है । इसके संदर्भ में निरोध्य अंधता के न्यूनतमीकरण और चक्षु देखभाल के सुधार के लिए समुदाय स्तर पर क्या-क्या रणनीतियाँ हैं ?

(d) Bring out the differences in the causes and nature of the challenge to internal security in the States of Nagaland and Manipur.

**OR**

Compare the role and skill-sets of an interlocutor appointed to defuse an immediate crisis situation with one appointed to suggest policy prescriptions. Illustrate with recent examples. Who, in your view, makes for a more effective interlocutor — a political personality or a non-political one ?

3. Answer any ***six*** of the following in about 150 words each : *10×6=60*

(a) 'Agenda 21 is aimed at integrating environmental imperatives with developmental aspirations.' Elaborate.

(b) Do you agree with the view that India has no option but to go in for nuclear power to cater to its increasing energy requirements ?

(c) Has the Right to Information Act made a noticeable impact on our governance system ? Evaluate.

(d) 'Conflicts in Indian society are not so much social as they are economic in character.' Analyse.

(e) Examine the nature of unemployment in the informal sector in India.

(घ) नागालैंड और मणिपुर राज्यों में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों के कारणों और प्रकृति में अंतरों पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

तात्कालिक संकट स्थिति को निष्प्रभावित करने के लिए नियुक्त वार्ताकार (इंटरलोक्यूटर) की भूमिका एवं कौशल-विन्यास की, नीति-विधानों को सुझाने के लिए नियुक्त व्यक्ति की भूमिका एवं कौशल-विन्यास के साथ तुलना कीजिए । हाल के उदाहरणों के द्वारा इसको सुस्पष्ट कीजिए । आपके विचार में कौन अधिक प्रभावी वार्ताकार बनता है — कोई राजनीतिक विशेष व्यक्ति या कि कोई ग़ैर-राजनीतिक व्यक्ति ?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं *छः* के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों : *10×6=60*

(क) 'कार्यसूची 21 का उद्देश्य पर्यावरणिक अत्यावश्यकताओं का विकासिक आकांक्षाओं के साथ एकीकरण कर देना है ।' सुस्पष्ट कीजिए ।

(ख) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि भारत के पास अपनी बढ़ती हुई ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नाभिकीय विद्युत को अपनाने के अलावा कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नहीं है ?

(ग) क्या 'सूचना का अधिकार अधिनियम' ने हमारे शासन तंत्र पर कोई उल्लेखनीय प्रभाव डाला है ? मूल्यांकन कीजिए ।

(घ) 'भारतीय समाज में द्वंद्व लक्षण में उतने सामाजिक नहीं हैं जितने कि वे आर्थिक हैं ।' विश्लेषण कीजिए ।

(ङ) भारत में अनौपचारिक क्षेत्रक में बेरोज़गारी की प्रकृति का परीक्षण कीजिए ।

(f) Are Special Economic Zones (SEZs) a boon or a bane to the Indian economy ?

(g) You are posted as the officer-in-charge of your unit's messing facility. How will you ensure a healthy cholesterol profile for all those taking their meals in the mess ?

(h) What are the seven directives on police reform issued by the Supreme Court in 2006 (in the *Prakash Singh* case) ? Comment briefly on the implementation status of these directives.

4. Answer any ***nine*** of the following in around 60 words each : *5×9=45*

(a) Distinguish among the three principal types of anti-personnel mines (APMs).

(b) It can be argued that the AK is a relatively crude weapon as compared to, say, an M16 or an SA80. Account then for the AK's global 'popularity' as an assault rifle.

(c) Comment on 'restrained attrition' as an important component of counter-insurgency operations.

(d) What is the significance of Agni-V in the country's strategic deterrence capability ?

(e) Describe the different types of 'whorls' in fingerprints.

(f) What are 'carbon-efficient' growth plans ?

(च) विशेष आर्थिक ज़ोन (एस.ई.ज़ैड) क्या भारत की अर्थव्यवस्था के लिए वरदान हैं या कि अभिशाप ?

(छ) आपको अपने एकक की भोजन-सुविधा के प्रभारी अधिकारी के तौर पर तैनात किया गया है । भोजनालय में सभी भोजन करने वालों के लिए आप किस प्रकार से स्वस्थ कोलेस्टेरॉल रूपरेखा सुनिश्चित करेंगे ?

(ज) उच्चतम न्यायालय ने 2006 में (*प्रकाश सिंह* के केस में) पुलिस सुधार पर कौनसे सात निदेश जारी किए थे ? इन निदेशों की परिपालन स्थिति पर संक्षेप में टिप्पणी कीजिए ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं ***नौ*** के उत्तर दीजिए जो प्रत्येक लगभग 60 शब्दों में हों : *5×9=45*

(क) मानव-विरोधी बारूदी सुरंगों (ए.पी.एम.) के तीन मुख्य प्रकारों के बीच विभेदन कीजिए ।

(ख) तर्क दिया जा सकता है कि एम 16 या एस.ए. 80, आदि के मुकाबले ए.के. एक अपरिष्कृत हथियार है । ऐसी स्थिति में भी प्रहार राइफल के तौर पर ए.के. की वैश्विक 'लोकप्रियता' के कारण गिनाइए ।

(ग) विप्लवरोधी (काउंटर-इनसर्जेंसी) कार्रवाइयों के एक महत्त्वपूर्ण घटक के तौर पर 'संयत क्रमिकनाश' (रैस्ट्रेंड ऐट्रिशन) पर टिप्पणी कीजिए ।

(घ) देश की रणनीतिक भयपरतिकरण (डिटरेंस) सक्षमता में अग्नि-V का क्या महत्त्व है ?

(ङ) अंगुलि-छापों में 'चक्करों' के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए ।

(च) 'कार्बन-दक्ष' संवृद्धि योजनाएँ क्या होती हैं ?

(g) What is meant by the 'ABC' of resuscitation (in first-aid) ?

(h) Bring out the distinction between 'geo-strategy' and 'geo-politics'.

(i) What do you understand by 'cost-push' and 'demand-pull' inflation ?

(j) What are the three basic stages in the process of money-laundering ?

(k) Which agency in the country is also designated as the National Maritime Search and Rescue Co-ordinating Authority (NMSRCA) ? Bring out its role in this regard.

(l) Comment on P-300 testing as an investigative tool.

5. The table below shows the food-grains production of four countries A, B, C and D for the years 1971, 1981, 1991 and 2001. Study the table and then answer the following :

| Country | Food-grains production in Million Tonnes (M.T.) for the years | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 1971 | 1981 | 1991 | 2001 |
| A | 1·2 | 1·8 | 2·6 | 4·8 |
| B | 1·6 | 2·8 | 4·6 | 7·2 |
| C | 1·4 | 1·8 | 3·2 | 5·6 |
| D | 2·1 | 3·8 | 5·8 | 8·2 |

(छ) (प्रथम उपचार में) पुनरुज्जीवन की 'ए.बी.सी.' का क्या अर्थ है ?

(ज) 'भू-रणनीति' और 'भू-राजनीति' के बीच विभेदन को उजागर कीजिए ।

(झ) आप 'लागत-जन्य' और 'माँग-जन्य' स्फीति से क्या समझते हैं ?

(ञ) मुद्रा के अवैध-अंतरण (मनी-लांडरिंग) के प्रक्रम में तीन आधारिक अवस्थाएँ कौन-कौन सी हैं ?

(ट) देश के किस अभिकरण को राष्ट्रीय समुद्रतटवर्ती तलाशी एवं उद्धार समन्वयी प्राधिकरण (एन.एम.एस.आर.सी.ए.) भी नामित किया गया है ? इस कार्य में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालिए ।

(ठ) खोजी साधन के रूप में पी-300 परीक्षण पर टिप्पणी कीजिए ।

5. नीचे दी गई सारणी में 1971, 1981, 1991 और 2001 वर्षों के लिए क, ख, ग और घ चार देशों का खाद्यान्न उत्पादन दर्शाया गया है । सारणी का अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित का उत्तर दीजिए :

| देश | वर्षों के लिए दस लाख टनों (एम.टी.) में खाद्यान्न उत्पादन | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 1971 | 1981 | 1991 | 2001 |
| क | 1·2 | 1·8 | 2·6 | 4·8 |
| ख | 1·6 | 2·8 | 4·6 | 7·2 |
| ग | 1·4 | 1·8 | 3·2 | 5·6 |
| घ | 2·1 | 3·8 | 5·8 | 8·2 |

(a) Represent the data listed in the table through a suitable diagram. 7

(b) Which country had the highest increase in production from 1971 to 2001 in percentage terms ? 3

(c) If from 2001 to 2011, the average annual increase in food-grains production in countries A, B, C and D are 0·2 MT, 0·25 MT, 0·3 MT and 0·35 MT respectively, what is the total production of all four countries in the year 2011 ? 5

(क) सारणी में सूचीबद्ध आँकड़ों को उपयुक्त आरेख के माध्यम से निरूपित कीजिए । 7

(ख) 1971 और 2001 के बीच किस देश में प्रतिशतता के रूप में उत्पादन में उच्चतम वृद्धि हुई ? 3

(ग) यदि 2001 से 2011 तक देशों क, ख, ग और घ में खाद्यान्न उत्पादन में औसत वार्षिक वृद्धि क्रमशः 0·2 एम.टी., 0·25 एम.टी., 0·3 एम.टी. और 0·35 एम.टी. हो, तो वर्ष 2011 में चारों देशों का कुल उत्पादन कितना रहा ? 5

A-MDF-M-E

## प्रश्न-पत्र V

# सामान्य अध्ययन

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 200

## अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*उम्मीदवारों को **सभी** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए गए अनुदेशों के अनुसार ही करने चाहिए ।*


*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के सम्मुख दिए गए हैं ।*

*प्रश्न संख्या 1 का उत्तर देने के लिए इस प्रश्न-पत्र के साथ भारत का एक रूपरेखा मानचित्र संलग्न है । मानचित्र को ध्यानपूर्वक प्रश्न-पत्र से अलग करके आपको अपनी उत्तर-पुस्तिका(ओं) में मज़बूती के साथ नत्थी कर लेना चाहिए ।*

*परीक्षा हाल में माँगने पर एक ग्राफ़-शीट दे दी जाएगी ।*

***महत्त्वपूर्ण नोट*** *: उत्तर दिए जा रहे प्रश्न के सभी भागों का साथ-साथ उत्तर दिया जाना आवश्यक है । दूसरे शब्दों में, किसी भी प्रश्न के उत्तर लिखते समय, अगले प्रश्न से पहले उस प्रश्न के सभी भागों को पूरा कर लेना आवश्यक है । उत्तर-पुस्तिका में खाली छूट गए पृष्ठों पर काटे का निशान लगाना आवश्यक है । हो सकता है कि खाली छूटे पृष्ठों के बाद लिखे गए उत्तरों पर कोई अंक न दिए जाएँ ।*

***Note :*** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*


Kilometers
32°
28°
24°
23½°
Tropic of Cancer
20°
16°
12°
Tropic of Cancer